शनिवार
21 मई 2022

पृष्ठ 5

मजा मां में समलैंगिक का किरदार निभाएंगी माधुरी

पृष्ठ 4

गर्मियों में किस तरह से मेकअप करना चाहिए ?

- देहरादून
- वर्ष 30
- अंक 110
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

आज का विचार

क्रोध यमराज के समान है, उसके कारण मनुष्य मृत्यु की गोद में चला जाता है।
— चाणक्य

यमुनोत्री मार्ग पर फंसे यात्रियों ने किया प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

उत्तरकाशी/बड़कोट। यमुनोत्री हाईवे पर हुए भू धसाव के कारण फंसे यात्रियों के सब्र का बांध अब टूटता दिख रहा है जानकी चट्टी में फंसे यात्रियों को शासन प्रशासन द्वारा तीन दिन बाद भी नहीं निकाला जा सका है। यात्रा मार्ग पर फंसे इन हजारों यात्रियों ने आज कार्यकारी अधिकारी का घेराव किया और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इन यात्रियों की सरकार से मांग है कि उन्हें जल्द से जल्द सुरक्षित निकाला जाए।

❑सरकार से की जल्द सुरक्षित निकालने की मांग
❑तीन दिनों से फंसे हैं सात हजार यात्री

उल्लेखनीय है कि जानकीचट्टी और राना चट्टी के बीच सड़क की सुरक्षा दीवार ढहने और सड़क धंसने के कारण सात हजार यात्री और सैकड़ों वाहन कई स्थानों पर फंसे हुए हैं। स्थानीय प्रशासन और पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क को ठीक करने के जो प्रयास किए गए वह कामयाब नहीं हो सके हैं। तथा बड़े वाहनों की आवाजाही बीते तीन दिनों से बंद है तथा अभी आगामी दो-तीन दिनों तक मार्ग खुलने की संभावना भी नजर नहीं आ रही है। यही कारण है कि अब इस मार्ग पर फंसे यात्रियों का धैर्य जवाब देने लगा है।

इन यात्रियों ने आज मौके पर मौजूद अधिकारियों का घेराव किया तथा शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। यात्रियों का कहना है कि चार धाम यात्रा की यह कैसी व्यवस्था है जहां एक 10-15 मीटर सड़क के हिस्से की दो-चार दिनों में भी मरम्मत नहीं की जा सकती है। यात्रियों ने उत्तराखंड की सरकार से मांग की है कि उन्हें यहां से तुरंत सुरक्षित बाहर निकालने की व्यवस्था की जाए। इन यात्रियों में कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

हालांकि प्रशासन का दावा है कि जो यात्री यमुनोत्री हाईवे पर फंसे हैं उनके रहने और खाने की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है और सड़क को खोलने के लिए काम किया जा रहा है। लेकिन सरकार की इन व्यवस्थाओं से यात्री संतुष्ट नहीं है और वह सरकार पर कुप्रबंधन का आरोप लगा रहे हैं। यमुनोत्री मार्ग के क्षतिग्रस्त होने और यात्रियों के यहां फंसे होने की खबर पाकर क्षेत्रीय विधायक संजय डोभाल ने खुद जाकर स्थिति का जायजा लिया और बताया कि प्रशासन सड़क को ठीक करने में जुटा है। जल्द ही मार्ग खुल जायेगा जबकि अधिकारी कह रहे हैं इस काम में अभी कम से कम दो दिन का समय लगेगा जब तक बड़े वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं होती है स्थिति सामान्य नहीं होगी।

प्रवासी उत्तराखंडियों से मिलने दिल्ली पहुंचे सीएम

विशेष संवाददाता

दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज अपने दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली रवाना हो गए हैं। अपने दिल्ली दौरे के दौरान वह जहां कई केंद्रीय मंत्रियों से मिलेंगे वहीं आज भाजपा मुख्यालय में प्रवासी उत्तराखंड वासियों को भी संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का यह दिल्ली दौरा चंपावत उपचुनाव के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आज भाजपा मुख्यालय में प्रवासी उत्तराखंडियों को संबोधित किया जाएग जो उपचुनाव में मतदाताओं को आकर्षित करने में अहम भूमिका निभाएगा। दिल्ली में लाखों की संख्या में उत्तराखंड के लोग रहते हैं। एक अनुमान के मुताबिक सीएम पुष्कर सिंह धामी जिस चंपावत सीट से चुनाव लड़ रहे हैं यहां के 15 हजार मतदाता दिल्ली में रहते हैं। जो दिल्ली में विभिन्न संस्थानों में नौकरी करते हैं।

❑चंपावत क्षेत्र के 15 हजार वोटर है दिल्ली में

भाजपा के लिए इस चुनाव में हर एक वोट की बड़ी अहमियत है। भले ही भाजपा को इस सीट पर अपनी जीत का पूरा भरोसा हो लेकिन वह इस चुनाव को बड़े अंतर से जीतना चाहती है। चंपावत क्षेत्र के इन मतदाताओं को दिल्ली से कैसे मतदान के लिए लाया जाए इसी रणनीति के तहत भाजपा द्वारा आज यह सीएम का संबोधन कार्यक्रम रखा गया है। उधर उनका इस दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट से भी मिलने का कार्यक्रम है जिसमें उपचुनाव की रणनीति पर चर्चा होगी। अजय भट्ट जो पहले राज्य संगठन की कमान संभाल चुके हैं तथा चंपावत जो अजय भट्ट के चुनाव क्षेत्र से सटा हुआ है उनकी राय इस चुनाव में काफी लाभकारी हो सकती है। सीएम दिल्ली से लौटने के बाद अपना पूरा समय चंपावत चुनाव प्रचार को देने वाले हैं क्योंकि अब चुनाव में अधिक समय नहीं बचा है। 31 को मतदान होना है और 29 तक ही चुनाव प्रचार होगा।

जेएनयू कैंपस में एमसीए की छात्रा से रेप, आरोपी छात्र गिरफ्तार

नई दिल्ली। देश की चर्चित यूनिवर्सिटी जेएनयू एक बार फिर चर्चा में है। इस बार यूनिवर्सिटी कैंपस से रेप का मामला सामने आया है। यूनिवर्सिटी की एमसीए की छात्रा ने एक अन्य छात्र पर रेप का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर वसंत कुंज नॉर्थ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी ३१ वर्षीय हिमांशु रंजन मूल रूप से झारखंड का रहने वाला है। वह जेएनयू में ही भाषा विभाग में लैंग्वेज कोर्स कर रहा है और सीए भी है। वह मुनिरका में किराये पर रहता है। आरोपी ने इंस्टाग्राम के जरिये पीड़िता से संपर्क किया था। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित छात्रा ने कंप्लेंट में कहा कि वह जेएनयू कैंपस के एक हॉस्टल में रहती हैं। ११ मई को एक युवक ने उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनसे संपर्क किया। जॉब और कोर्स को लेकर बात की। इस बहाने से मिलने की इच्छा जताई। १४ मई की रात वह उस युवक से एक कॉफी हाऊस में मिलने गईं। जहां युवक ने पहले एमसीए कोर्स और जॉब के बारे में बातचीत शुरू की। इसके बाद वह उनके नजदीक आया और जबरन किस करने लगा। विरोध करने के बाद भी वह नहीं माना। इसके बाद आरोपी उसे इंडियन कॉफी हाउस के पीछे अंधेरे में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने पीड़िता का मोबाइल भी छीन लिया। बाद में पीड़िता ने किसी की मदद से पुलिस को सूचना दी।

पिछले 24 घंटे में आए कोविड- 19 के 2323 नए केस, 25 की हुई मौत

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामलों में कई दिनों से राहत जारी है। हालंकि आज ६४ केस ज्यादा दर्ज किए गए हैं। बता दें कि, इससे पहले शुक्रवार को २,२५९ मामले सामने आए थे। वहीं देश में अब उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर १४ हजार ९९६ रह गई है।

देश में पिछले २४ घंटे में २ हजार ३२३ केस दर्ज हुए हैं जिसके बाद संक्रमण के कुल मरीजों की सख्या ४,३१,३४,१४५ हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के २,३२३ नए मामले सामने आए हैं। वहीं, २५ और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर ५,२४,३४८ हो गयी है। इसके अलावा देश में कोविड–१९ के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर १४,९९६ हो गई है, जो कुल मामलों का ०.०३ प्रतिशत है। पिछले २४ घंटों में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में ४८ की कमी दर्ज की गई है।



अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण की दैनिक दर ०.४७ प्रतिशत और साप्ताहिक दर ०.५१ प्रतिशत है। देश में अब तक कुल ४,२५,९४,८०१ लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड–१९ से मृत्यु दर १.२२ प्रतिशत है। वहीं, देशव्यापी कोविड–१९ रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक लोगों को १९२.१२ करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।

वैश्विक कोरोना वायरस के मामले बढ़कर ५२.६६ करोड़ हो गए हैं, जबकि मौतें ६.२८ मिलियन से अधिक हो गई हैं और कुल टीकाकरण की संख्या बढ़कर ११.४३ बिलियन से अधिक हो गई है।

जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी द्वारा साझा किए गए आंकड़ों में इसकी जानकारी दी गई है।

दून वैली मेल

संपादकीय

यात्रियों को मौसम का अलर्ट

चार धाम यात्रा को शुरू हुए अभी वह दो सप्ताह का समय ही हुआ है लेकिन प्री मानसूनी बारिश ने यात्रा में खलल डालना शुरू कर दिया है। यमुनोत्री हाईवे पर भू धसांव इसका उदाहरण है। एक बार सड़क को ठीक किया और यहां फंसे यात्रियों को किसी तरह से सुरक्षित निकाला गया लेकिन अगले ही दिन फिर उसी स्थान पर सड़क धंस गई और आवाजाही फिर बंद हो गई अभी भी इस मार्ग पर हजारों की संख्या में यात्री फंसे हुए हैं। बीते 5 दिनों में प्री मानसूनी बारिश के कारण केदारनाथ का पैदल मार्ग यात्रियों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में घोड़े-खच्चरों के चलने के कारण उनकी लीद और बारिश ने यात्रियों को परेशान कर रखा है। मार्गों पर कई जगह पहाड़ से बड़े-बड़े बोल्डर भी आ रहे हैं जिससे यात्रा बाधित हो रही है तथा यात्रियों की सुरक्षा को बड़ा खतरा बना हुआ है। इन यात्रा मार्गो में अनेक नाले और खाले भी हैं जो जरा सी बारिश में उफान पर आ जाते हैं और आवाजाही को रोक देते हैं। अभी बीते दिनों हुई बारिश के कारण जोशीमठ के पास पागल नाले में आई बाढ़ से यात्री मुसीबत में फंस गए थे। मानसून काल में इस तरह की घटनाएं आम हो जाती हैं। लेकिन इस साल मई महीने में जिस तरह की प्री मानसूनी बारिश देखी जा रही है वैसा किसी-किसी साल ही होता है। मौसम विभाग द्वारा अब आने वाले 4 दिनों में राज्य में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। जो चारधाम यात्रियों के लिए बड़े खतरे की घंटी है। अगर मौसम विभाग का यह पूर्वानुमान सटीक होता है तो निश्चित तौर पर यह चारधाम यात्रियों के सामने बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। हालांकि शासन-प्रशासन अभी से इस अलर्ट को लेकर चौकन्ना है। यात्रा मार्गो पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को सतर्क रहने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। वही चारधाम यात्रियों को इन 4 दिनों में अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए। जब मौसम खराब हो तो उन्हें अपनी यात्रा स्थगित रखनी चाहिए तथा सुरक्षित स्थानों पर ठहर जाना चाहिए। क्योंकि दुर्घटना से भली है देरी। उनकी यात्रा में भले ही एक-दो दिन का अधिक समय लग जाए लेकिन खराब मौसम में उन्हें यात्रा नहीं करनी चाहिए। क्योंकि इस तरह के मौसम में भूस्खलन और बोल्डर गिरने के कारण रास्तों के बंद होने का अधिक खतरा रहता है। चार धाम के अलावा अब कल 22 मई से हेमकुंड साहिब की यात्रा भी शुरू होने जा रही है लेकिन इस यात्रा के शुरू होने से पहले ही मौसम ने रोड़े अटकाना शुरू कर दिए हैं। क्षेत्र में अभी भी वर्षा व बर्फबारी हो रही है। शासन प्रशासन द्वारा भले ही यात्रा को रोकने जैसा कोई फैसला नहीं लिया गया है लेकिन यात्रियों को अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क जरूर किया गया है। जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

पटेल नगर इंडस्ट्रियल एरिया में किया नीम का पौधारोपण।

प्राचीन मठ-मन्दिरों के आस पास रहने वालों का किया जाये सत्यापनः चोपड़ा

नगर संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार के गंगा के घाटों व शहरी क्षेत्रों में नशाखोरी, जिस्मफरोशी, अंडा मांस मदिरा, जुआ सट्टा, ऑनलाइन खाईबाड़ी जैसे धंधे सुरसा की भाती बढ़ने से चिंतित पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने शासन- प्रशासन से मांग की है कि धर्मनगरी हरिद्वार अपितु उत्तराखंड के सभी प्राचीन मठ मंदिरों के आसपास रहने वाले कारोबारी स्थानीय नागरिकों का सत्यापन किया जाये। साथ ही उन्होने गंगा नगरी की तीर्थ मर्यादा को बचाने के लिए तत्काल प्रभाव से लक्ष्य निर्धारित करने की मांग को प्रमुखता से उठाया।

TNI
TV NEWS INDIA

इस अवसर पर पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता संजय चोपड़ा ने कहा कि धर्मनगरी हरिद्वार में अन्य राज्यों से आकर छोटा-मोटा स्थान किराए पर लेकर बहुत से लोग धर्म नगरी के स्वरूप को भदरंग करने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि ब्रिटिश हुकूमत के दौरान पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा किए गए अनुबंध के अनुसार यहां अंडा, मांस, मदिरा व किसी भी प्रकार की नशाखोरी पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

राजनीतिक संरक्षण में पुलिस प्रशासन की लापरवाही की वजह से जगह- जगह खाली बॉडी, जुआ सट्टा जैसे क्राइम बढ़ते चले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के संरक्षण में हरिद्वार नगर निगम की नियमावली के नियम अनुसार मठ-मंदिरों के आसपास रहने वाले कारोबारियों के पंजीकरण सत्यापन के साथ पहचान पत्र जारी किए जाने चाहिए। संजय चोपड़ा ने चेतावनी दी शीघ्र ही यदि शासन- प्रशासन द्वारा कानूनी रूप से नशाखोरी जुआ सट्टा, खाईबाड़ी के खिलाफ अभियान नहीं चलाया गया तो आंदोलन किए जाएंगे।

धर्मनगरी हरिद्वार तीर्थ की मर्यादा को बचाने की इस मुहिम का समर्थन करते पंडित कृष्णकांत, आचार्य चंद्र प्रकाश शर्मा, पंडित मनीष शर्मा, साधु शरण, पंडित ओमप्रकाश भाटिया, राजेश खुराना, मनोज कुमार, राजेंद्र पाल, कुंवर सिंह मंडवाल, चंदन सिंह रावत, हरिओम गुसाई, वीरेंद्र कुमार, विवेक शर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

बीमा एजेंट बन ठगे 60 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। बीमा एजेंट बनकर खाते से 60 हजार रूपये उडा लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तपोवन निवासी शिखा डोभाल ने रायपुर थाने में मुदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको 17 मई को एक कॉल आया था उन्होंने उसको बताया कि वह एक एलआईसी बीमा कंपनी से कॉल कर रहे है और उसके पिता ने उनको उसका नंबर दिया था। उसने उससे उसके फोनपे विवरण के लिए पूछा और फिर वह उसके फोन पे खाते में अनुरोध भेज रहा था, उसने इसे स्वीकार कर लिया और स्वीकार करते ही उसके व्यक्तिगत खाते से 60 हजार रूपये काट लिए गए। जिसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

अग्निं वो देवमग्निभिः सजोषा यजिष्ठं दूतमध्वरे कृणुध्वं।
यो मर्त्येषु निध्रुविरृतावा तपुर्मूर्धा घृतान्नः पावकः।।

(ऋग्वेद ७—३—१)

हे विद्वानों ! आप, उत्कृष्ट अग्नि जो ऊर्जा और ताप के विभिन्न रूपों में विद्यमान है उसका तुम सदुपयोग लोकहित के लिए करो। जो अग्नि विभिन्न नश्वर पदार्थों में विद्यमान है उसका भी तुम सदुपयोग मानव हित के लिए करो।

O scholars ! You, the excellent Agni that exists in various forms of energy and heat, use it well for the public good. Utilize the fire which pervades various mortal substances for the benefit of mankind.

(Rig Veda 7-3-1)

UJRAT SUITS & SAREES
SUITS & SAREES
New Collection SHOEMAKER
Saba Fashion

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य तिथि के मौके पर डिस्पेंसरी रोड स्थित राजीव गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण करते उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी अनुसूचित विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार व अन्य।

वट सावित्री व्रत पर होगा इस बार खास संयोग

देहरादून (आरएनएस)। सोमवार ३० मई को वट सावित्री का व्रत पर इस बार काफी अच्छा संयोग बन रहा है। इस दिन शनि जयंती के साथ सुबह 7.12 मिनट से सर्वार्थ सिद्धि योग शुरू होकर 31 मई सुबह 5- ०8 मिनट तक रहेगा। ज्योतिषविदों की राय में इस खास योग में पूजा करने से फल कई गुना अधिक बढ़ जाएगा।

हिंदू पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि के दिन वट सावित्री का व्रत रखा जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ के लिए व्रत रखती हैं। वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा, परिक्रमा करके पति के जीवन में आने वाली समस्याओं को दूर करने की प्रार्थना की जाती है।

सामाजिक संगठन के अध्यक्ष पर 20 लाख की ठगी का मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। चिकित्सक ने अपना परिवार सामाजिक संगठन के अध्यक्ष पर 20 लाख रूपये की धोखाधडी का आरोप लगाते हुए डीजीपी से शिकायत की। डीजीपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बल्लीवाला चौक निवासी डा0 मिथिलेश सिंह ने पुलिस महानिदेशक को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि अपना परिवार सामाजिक संगठन के अध्यक्ष पुरुषोत्तम भट्ट व विक्रांत चौरसिया ने उसको संगठन मे जोडा और उसके साथ अच्छे व्यावहारिक संबध बनाए और फिर एक दिन उससे मिलने आए और उसको बताया कि विक्रांत की काफी बडे व्यवसायी है भाऊवाला मे विद्यालय है जिसे विक्रांत चौरसिया की पत्नी श्रीमती स्वाति चौरसिया चलाती है। टर्नर रोड पर एक मकान का सौदा करने के लिए कहा वहै इनकी बातो मे आ गई उससे दस लाख रूपये मांगे जो उसने विश्वास करके 27 नवम्बर 2020 जिसके बदले उन्होंने उसको चैक दिये और कहा कि दस दिन में भुगतान करा लेना। परन्तु समय पूरा होने से पहले यह लोग उसके पास आये और चार लाख रूपये ले गये। उसके बाद उससे फोन कर पैसे मांगे। उसके मना करने पर कहा कि पिछले पैसे भी फंस जायेगे जिसके बाद उसने छह लाख रूपये इनको ओर दिये। जिसके बाद उसने दोनों से सम्पर्क करने का प्रयास किया लेकिर उसका फोन भी उठाना बन्द कर दिया। उसने बताया कि दो साल से यह लोग उसको मात्र समय ही देते आ रहे हैं। जिससे उसको अभास हो गया कि उसके साथ धोखाधडी हुई है। डीजीपी के आदेश पर क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की लगातार मदद कर रही है मित्र पुलिस

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा में बाहर से आये हुये श्रद्धालुओं की मित्र पुलिस अतिथि देवो भव: के भाव से लगातार मदद कर रही है, जिसकी श्रद्धालुओं के द्वारा जमकर तारीफें की जा रही हैं।

बीते रोज हैदराबाद निवासी डी शारदा यमुनोत्री धाम यात्रा के दौरान पैदल रास्ते में भीड़ होने के चलते गिर गई तथा उनके घुटने में चोट लग गई, मौके पर ड्यूटीरत मुख्य आरक्षी गोविन्द राम द्वारा मानवता का परिचय देते हुये महिला को पीठ में उठाकर उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया।

वहीं यमुनोत्री धाम में एक महिला श्रद्धालु अपने पति के साथ माँ यमुना के दर्शन करने के लिए पहुँची थीं, जिनके दोनों पैरों का ऑपरेशन हो रखा था तथा महिला श्रद्धालु के पति भी पैर में दिक्कत के चलते चलने में असमर्थ थे, जिन्हें दर्शन करने में दिक्कतें आ रही थीं, पास में ड्यूटी पर तैनात फायर सर्विस के जवान यशपाल चौहान द्वारा महिला से बातचीत कर उनकी समस्या को देखते हुये दम्पति को सहारा देते हुये माँ यमुना के दर्शन करवाए गये।

बुजुर्ग माता द्वारा जवान यशपाल चौहान का आभार प्रकट कर उत्तराखण्ड पुलिस के मानवीय व्यवहार की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर की गयी श्रद्धांजलि अर्पित

नगर संवाददाता

देहरादून। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज राज्य मुख्यालय कांग्रेस भवन देहरादून में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कांग्रेस सेवादल प्रदेश प्रवक्ता अशोक मल्होत्रा ने बताया कि स्वर्गीय राजीव गांधी के जीवन में महत्वपूर्ण कार्यों पर विचार गोष्ठी की गई साथ ही आजादी गौरव सम्मान यात्रा में 29,30,31मई तथा 1जून 2022 को भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सूची तैयार की गई और इसके साथ ही उपचुनाव 48-चंपावत विधानसभा क्षेत्र में सेवादल के सहयोग हेतु रणनीतिक निर्णय लिए गए ताकि अधिक से अधिक मत कांग्रेस प्रत्याशी को मिलें और कांग्रेस सेवादल की समन्वय समिति की बैठक में विधानसभा चुनाव के बाद अपने कार्य करने का निर्णय लिया गया इस सभा में सभाध्यक्ष राजेंद्र चंद्र दुर्गापाल प्रदेश उपाध्यक्ष व कुमाऊं प्रभारी,प्रदेश महासचिव-संगठन नीरज त्यागी, प्रदेश महासचिव प्रशासन जसबीर सिंह प्रधान, जगदीश चंद्र प्रदेश सचिव, चंडी प्रसाद गोदियाल प्रदेश सचिव, अशोक मल्होत्रा प्रदेश प्रवक्ता, सावित्री थापा अध्यक्ष महिला सेवादल, मंजू चौहान उपाध्यक्ष, लता सिंह उपाध्यक्ष,जोगिंदर चौहान, जिला महासचिव सतेंदर पवार, मीना देवी जिला महासचिव एवं कांग्रेस महानगर सचिव भवन डोरा कविराज आदि कई कार्यकर्ता ने भागीदारी की।

महाराज ने किया प्रतिष्ठित उत्सव ऑक्टेव-2022 का शुभारंभ

संवाददाता

श्रीनगर। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने द्वारा 20 से 22 मई तक आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित उत्सव ऑक्टेव-2022 का ढोल की थाप के साथ दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने रामलीला मैदान में तीन दिवसीय उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला द्वारा आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित उत्सव ऑक्टेव-2022 का ढोल की थाप के साथ दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए इसके लिए लिए भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि कोरोना संक्रमण काल के बाद पहली बार इस प्रकार का आयोजन होने से पूरे वातावरण में एक सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होगा और लोग कोरोना के भय को भुला पायेंगे। महाराज ने कहा कि उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित उत्सव ऑक्टेव-2022 के आयोजन में उत्तर पूर्व क्षेत्र के कलाकारों और कारीगरों को उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक सही मंच प्रदान करने के लिए संस्कृति मंत्रालय , भारत सरकार द्वारा ''ऑक्टेव फेस्टिवल ऑफ द नॉर्थ ईस्ट'' की शुरुआत की गई थी। इस क्षेत्र में आठ राज्य शामिल हैं असम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर और सिक्किम। इसलिए इसका नाम ऑक्टेव रखा गया। चूँकि शेष भारत उत्तर पूर्वी राज्यों की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और कलात्मक अभिव्यक्तियों से पर्याप्त रूप से परिचित नहीं है, शायद दूरी और भौगोलिक सीमाओं के कारण, ऑक्टेव फेस्टिवल ने लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, ऑक्टेव उत्सव जेडसीसी द्वारा प्रत्येक वर्ष अपने सदस्य राज्यों में से एक में आयोजित किया जाता है। महाराज ने कहा कि इस वर्ष उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला ने इस प्रतिष्ठित उत्सव श्ऑक्टेव -2022 को 20 से 22 मई, 2022 तक श्रीनगर, उत्तराखंड में आयोजित करने का निर्णय लिया गया जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों के लगभग 250 कलाकार इस उत्सव में भाग ले रहे हैं। इस सांस्कृतिक आयोजन में बीहू, बरडोई नृत्य असम, पुंग चोलम और ढोल चोलम मणिपुर, लाई हरूबा और थांगटा मणिपुर, होजागिरी त्रिपुरा, सिंघी छम्म सिक्किम, तमांग सेलो सिक्किम, युद्ध नृत्य नागालैंड, एफिलो कुघू मुगियंता नागालैंड, रिकम्पादा अरुणाचल प्रदेश, ब्रोजाई अरुणाचल प्रदेश, का शाद मस्तीह/होको मेघालय, वांगला नृत्य मेघालय, मिजोरम आदि नृत्य शामिल हैं। इस मौके पर उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की निदेशक श्रीमती दीपिका पोखरना, कार्यक्रम संयोजक राकेश भट्ट, जगजीत सिंह एवं जनरेल सिंह सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

मारपीट में दोनों पक्षों के आध दर्जन नामजद

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज कर आधा दर्जन लोगों को नामजद कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुस्लिम बस्ती कारगी ग्रान्ट निवासी युनूस ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पुत्री घर के बाहर सामान लेने के लिये गई तो पड़ोस में किराये पर रहने वाले शारिक ने उसकी पुत्री से छेड़छाड़ की उसकी पुत्री ने घर आकर अपनी माँ को बताया, जिस पर उसकी पत्नी व पुत्र आसिफ ने घर के बाहर आकर शारिक को डांटा। जिसके बाद शारिक के भाई आयान व शारिक के पिता राशिद, शारिक के साथ एकराय होकर लोहे के राड व डण्डे लेकर उसके घर में घुस आये और उसके पुत्री पुत्र और पत्नी पर जान से मारने की नियत से हमला किया। शोर सुनकर मौहल्ले के लोग जमा हो गये तो ये लोग मां-बहन की गन्दी गन्दी गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर भागने लगे।

वहीं मौहम्मद राशिद ने भी यूनुस, आसिफ, कललो पत्नी यूनुस के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ता रवाना

नगर संवाददाता

देहरादून। बजरंग दल द्वारा आयोजित प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के लिए बजरंग दल महानगर देहरादून के कार्यकर्ता रवाना हुए। बजरंग दल प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख विकास वर्मा व विहिप पदाधिकारी आलोक सिन्हा द्वारा भगवा ध्वज देकर कार्यकर्ताओं को हल्द्वानी के लिए प्रस्थान कराया गया।

mEDia
For Advertising in Dehradun
09810615678
09910225244
09719778005
ATM

आज बजरंग दल प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग जोकि हल्द्वानी में 22 मई से 29 मई तक होना सुनिश्चित है जिसमें उत्तराखंड प्रांत के हिंदू, युवा बजरंग दल के इस प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा बनेंगे। देश व धर्म की सेवा हेतु शारीरिक, मानसिक रूप से तैयार करने के इस वर्ग मे युवाओं को लगभग चार घंटे से अधिक का शारीरिक व्यायाम, लक्ष्य भेद व दण्ड चलाने में निपुणता उन्हें हासिल होगी साथ ही संसाधनों के अभाव में कठिन परिस्थितियों में जीवन जीने का अनुभव वर्ग मे होगा। विश्व हिंदू परिषद व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय व केंद्रीय अधिकारियों का विशेष बौद्धिक मार्गदर्शन प्राप्त होगा। सात दिवसीय चलने वाले इस वर्ग में बजरंग दल के जो भी कार्यकर्ता तैयार होंगे वह पूर्णता प्रशिक्षित जिनके अंदर देश भावना, धर्म रक्षा और मानसिक रूप से विशेष बौद्धिक प्राप्त कर वह इस हिंदू समाज के मार्गदर्शन व रक्षात्मक रूप से तैयार होंगे।

देहरादून , विकासनगर से ग्यारह सदस्यीय युवाओं की टीम प्रात: 11.30 अंतरराष्ट्रीय बस अड्डे से स्वागत सम्मान माल्यार्पण के साथ हल्द्वानी बस द्वारा रवाना किया गया महानगर देहरादून संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद अमित कुमार व गौरव कुमार के नेतृत्व में युवाओं की टीम हल्द्वानी के लिए प्रस्थान किया गया। टीम का मुख्य हिस्सा वर्ग हेतु महानगर सह संयोजक बजरंग दल आशीष बलूनी, सह संयोजक विकास नगर रविंद्र पाल, ओम कुमार विनय, सचिन राणा, शिवालिक थापा, प्रमोद बिष्ट,आलोक गुप्ता,सत्यम, मुकेश कुमार,धीरज, चुने गए। युवाओं की टीम को हल्द्वानी छोड़ने आए दर्जनों विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित रहे इसमें विकास वर्मा, विभाग मंत्री राजेंद्र राजपूत महानगर सेवा प्रमुख हरीश कोहली , नीरज रस्तोगी, आलोक सिन्हा व अन्य शामिल रहे।

रायवाला पुलिस ने चारधाम यात्रा संबंधित फ्लैक्स बैरियर लगवाये

संवाददाता

देहरादून। रायवाला थाना पुलिस ने चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं की सहायता व दुर्घटनाओं से बचाव के लिए फ्लैक्स बैरियर लगवाकर यात्रियों को इसके बारे में जागरूक भी किया जा रहा है।

वाहन चलाते समय सीट बैल्ट
व हैल्मेट का प्रयोग करें
थाना- रायवाला, जनपद- देहरादून
REDMI NOTE 10 PRO MAX
20/05/2022 14:36

उल्लेखनीय है कि चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जनपद के सभी थानों मे पुलिस द्वारा पर्यटकों की सहायता व मार्गदर्शन व सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु यात्रा मार्गों पर मोटर वाहन अधिनियिम से संबंधित बैरियर फ्लैक्स हेतु आदेशित किया गया है। डीआईजी/एसएसपी जन्मेजय खंडूडी के द्वारा ऋषिकेश व रायवाला थाना पुलिस को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये थे। जिसके उपरोक्त आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक देहात व क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश द्वारा थानाध्यक्ष रायवाला को उक्त आदेश के सम्बन्ध मे थाना क्षेत्रांतर्गत संभावित दुर्घटना स्थलों को चिन्हित कर बैरियर, फ्लेक्स लगवाकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है। आदेश के अनुपालन में थानाध्यक्ष रायवाला द्वारा थाना गेट रायवाला,नेपाली तिराहा पर वाहन चालकों के मार्गदर्शन हेतु मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित फ्लेक्स बैरियर लगवाए गए। इसके अतिरिक्त चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यात्रा पुलिस केंद्रों पर नियुक्त पुलिस बल को सैनिटाइजर ,मास्क ,चारधाम यात्रा का रूट मैप व पर्यटकों की सहायता हेतु उचित दिशा निर्देश देते हुए नियुक्त किया गया है।

नार्बाड की बैठक स्थगित

नगर संवाददाता

मुनस्यारी। विकासखंड सभागार में आयोजित नार्बाड की बैठक आज कम उपस्थिति होने के कारण स्थगित हो गई है। 15 जून के बाद बैठक की तिथि तय की जायेगी। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया द्वारा आज जिला पंचायत के सरमोली वार्ड में चलित कार्यों की समीक्षा की जानी थी। नार्बाड पिथौरागढ़ के जिला विकास प्रबंधक अमित पाण्डेय सहित पूरी टीम बैठक स्थल पर पहुंच गई थी। नार्बाड द्वारा संचालित महिला स्वयं सहायता समूहों के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति बेहद कम होने के कारण बैठक को स्थगित कर दिया गया है बैठक में मात्र समूहों से सात ही पदाधिकारी मौजूद थे। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि अगली तिथि में बैठक को पूर्ण कोरम के साथ करने के लिए कहा गया है।

सुंदरलाल बहुगुणा की पहली पुण्यतिथि पर आप ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी ने पर्यावरणविद् सुन्दरलाल बहुगुणा को उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर याद कर उनको श्रद्धांजलि दी।

आज यहां आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आज स्वर्गीय सुंदरलाल बहुगुणा की पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश के संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट समेत पार्टी के कई पदाधिकारियों ने कार्यालय में पहुंचकर स्वर्गीय सुंदरलाल बहुगुणा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। बिष्ट ने इस दौरान बताया कि स्वर्गीय सुंदरलाल बहुगुणा ने हमेशा अपने जीवन में कई संघर्ष किए और वह प्रसिद्ध पर्यावरणविद् रहे जिन्होंने सदैव जल जंगल जमीन की लड़ाई को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा कि आज सुंदरलाल बहुगुणा हमारे बीच में नहीं हैं लेकिन हमें उनके विचार और आदर्शों पर चलने की बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड एक पर्वतीय प्रदेश है और पर्वत जैसे महान शख्सियत रहे सुंदरलाल बहुगुणा के अनुसरण पर चलने का कार्य आम आदमी पार्टी शुरू से ही करती आई है। उन्होंने यह भी कहा कि सुंदरलाल बहुगुणा के कार्यों को देखते हुए आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने उनके परिजनों को सम्मानित भी किया था साथ ही भारत सरकार से स्वर्गीय सुंदरलाल बहुगुणा को भारत रत्न देने की अपील भी की थी। इस दौरान प्रदेश कार्यालय में जोत सिंह बिष्ट के साथ रविंद्र आनंद, डिंपल सिंह ,सीमा कश्यप ,सतीश शर्मा ,अमरेंद्र बिष्ट ,समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

गर्मियों में किस तरह से मेकअप करना चाहिए ?

गर्मियों के दौरान इस तरह से करें मेकअप, नहीं रहेगा इसके फैलने का डर

गर्मियों में पसीने के कारण मेकअप फैल जाता है, जिसके चलते चेहरे का पूरा लुक बिगड़ जाता है। इसके अलावा, कई मेकअप प्रोडक्ट्स पसीने के साथ मिलकर आपकी त्वचा को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालांकि, अगर सही मेकअप प्रोडक्ट्स को चुनें और उन्हें सही तरीके से लगाते हैं तो इनके फैलने कि संभावना काफी कम हो सकती है। आइए जानते हैं गर्मियों में किस तरह से मेकअप करना चाहिए ताकि आपको इससे कोई परेशानी न हो।

सबसे पहले चेहरे पर सीरम और सनस्क्रीन लगाएं

अधिकतर लड़कियां और महिलाएं यह सोचकर गर्मियों के दौरान चेहरे को मॉइश्चराइज करने से बचती हैं कि इससे उन्हें और ज्यादा पसीना आएगा, लेकिन यह त्वचा के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए अपने चेहरे को माइल्ड क्लींजर से साफ करने के बाद हाइड्रेटिंग गुणों से समृद्ध फेस सीरम लगाएं, फिर अपनी त्वचा को हानिकारक यूवी किरणों से बचाने के लिए कम से कम एसपीएफ50 वाला हल्की जेल बेस्ड सनस्क्रीन लगाएं।

चेहरे पर प्राइमर लगाना है जरूरी

गर्मियों के दौरान मेकअप की शुरूआत फेस प्राइमर से करना अच्छा है। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि बाजार में कई तरह के फेस प्राइमर मौजूद हैं और ऐसे में गलत प्राइमर को चुनने की संभावना बढ़ जाती है। बेहतर होगा कि आप अच्छे ब्रांड के ही प्राइमर का इस्तेमाल करें। इसके अलावा, जब भी आप प्राइमर खरीदें तो अपनी त्वचा के प्रकार और जरूरतों को जरूर ध्यान में रखें।

फाउंडेशन की जगह बीबी क्रीम से बनाएं मेकअप बेस

फाउंडेशन भले ही कितना भी महंगा या गुणवत्ता पूर्ण हो, चेहरे पर पसीना आते ही उसके फैलने की संभावना रहती ही है। इसलिए बेहतर होगा कि आप गर्मियों के दौरान फाउंडेशन की जगह बीबी क्रीम से मेकअप बेस बनाएं। यह क्रीम त्वचा को मॉइश्चराइज करने के साथ-साथ सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से भी बचाने में मदद कर सकती है। वहीं, अगर आपकी चेहरे पर मुंहासे हो रखे हैं तो इन्हें छुपाने में भी बीबी क्रीम बेस्ट है।

इन मेकअप टिप्स को भी जरूर अपनाएं

अगर आप मेकअप के दौरान कॉम्पैक्ट पाउडर लगाती हैं तो गर्मियों के दौरान इसे न लगाएं। इसके अतिरिक्त, पाउडर ब्लश की जगह क्रीम ब्लश चुनें और चेहरे के जिस भी हिस्से को आप हाइलाइट करना चाहते हैं तो उस पर ब्रोंजर का इस्तेमाल करें। इसके बाद अपने मेकअप को लंबे समय तक बरकरार रखने के लिए चेहरे पर मेकअप सेटिंग स्प्रे का छिडक़ाव करें। अंत में होंठो पर न्यूड शेड की लिपस्टिक लगाएं।(आरएनएस)

अनुपमा को अलविदा करने जा रही है अनेरी वजानी!

एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए चर्चित यलिटी शो खतरों के खिलाड़ी का नया सीजन लेकर आ रहा है। इस बार का यह शो पहले के प्रत्येक सीजन से बड़ा और इंट्रेस्टिंग होने वाला है। हर प्रकार का एक्शन तथा स्टंट जल्द ही लोगों के सामने होगा। रोहित शेट्टी हर बार की भांति इस बार भी इस शो को होस्ट करेंगे तथा शूटिंग शो की केप टाउन में ही होगी। इस बार शो में एक ट्विस्ट भी आने वाला है। दरअसल, जो प्रतियोगी इस बार शो में आने वाले हैं, वह बहुत मिक्स्ड हैं।

वही प्रतियोगियों की लिस्ट में एक नाम और सम्मिलित हो चुका है। वह कोई और नहीं, बल्कि पॉपुलर टेलीविजन् सीरियल अनुपमा फेम अनेरी वजानी हैं। अनेरी वजानी ने खुद इस शो में भाग लेने की बात को कन्फर्म किया है। अनेरी वजानी ने शो का भाग बनने को लेकर बोला, खतरों के खिलाड़ी मेरा पहला रियलिटी शो होगा। मैं अपने उत्साह को संभालकर नहीं पा रही हूं।

अनेरी वजानी ने आगे कहा कि मुझे नई चीजें एक्स्प्लोर करने का बहुत शौक है। मैं अपने कम्फर्ट जोन से निकलकर कुछ अच्छा, जबरदस्त और बेहतरीन करना पसंद करती हूं। इस शो के माध्यम से मैं जिंदगी में अवश्य ही नई हाइट्स अचीव करूंगी। मैं इस चौलेंज को लेकर बहुत खुश तथा उत्साहित हूं। हालांकि, अनेरी वजानी का रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी 12 को ज्वॉइन करने को लेकर प्रशंसकों के बीच एक सवाल खड़ा कर रहा है कि क्या अभिनेत्री शो को अलविदा कह देंगी? इस बात को लेकर उनके फैंस बहुत परेशान भी है।(आरएनएस)

शब्द सामर्थ्य -075

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

1	2		■	■	3	■	■	■
4		■	5			6	■	7
■	8			■	9			
10	■	■		■	■		■	
11				■	12			■
	■		■	13		■	14	
16	17		■	18				■
■		■	19			■	■	20
21		■		■	■	22		

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 074 का हल

पं	क्ति	■	स्वा	द	■	स	ब	ब
जा	■	सु	हा	ना	■	■	ली	द
ब	हु	धा	■	द	ल	ना	■	ल
■	■	क	मा	न	■	ग	ह	ना
भं	व	र	■	■	■	वा	म	■
गी	त	■	म	ज	बू	र	■	ट
■	न	म	स्का	र	■	■	■	र
■	■	र्या	■	■	बी	■	ना	का
सं	वि	दा	■	ब	स	च	ल	ना

100 करोड़ को छूने में सफल हुई सरकारु वारी पाटा

तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू और कीर्थि सुरेश स्टारर हालिया रिलीज फिल्म सरकारू वारी पाटा ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन शुरूआत ली थी लेकिन शुक्रवार और शनिवार को इसके कारोबार में अचानक से गिरावट आई। हालांकि फिल्म ने 4थे दिन अर्थात् रविवार को एक बार फिर से दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफलता प्राप्त की और उसने 21 करोड़ का कारोबार करते हुए स्वयं को 1०० करोड़ी क्लब में शामिल करवाने में सफलता प्राप्त कर ली। रविवार को हुए 21 करोड़ के कारोबार के बाद फिल्म ने अब कुल मिलाकर 1०3.9० करोड़ का कारोबार कर लिया है।

बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 47.4० करोड़ का कारोबार करने वाली फिल्म ने शनिवार को तीसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 19 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी। शुक्रवार और शनिवार दोनों दिन फिल्म कुल मिलाकर 39 करोड़ का कारोबार किया था। पिछले 3 दिनों में फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर मात्र 88 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है जबकि यह आरआरआर के बाद रिलीज हुई तेलुगु इंडस्ट्री की दूसरी बड़ी फिल्म है। जाहिर है फिल्म को लेकर दर्शकों में भारी उत्साह था। हालांकि तेलुगु सिनेमा पर ये फिल्म उम्मीद के मुताबिक कारोबार करती नहीं दिखी। फिल्म ने तेलुगु थियेटर्स में पहले दिन धमाके के साथ शुरुआत की थी। रिलीज के बाद फिल्म को निगेटिव रिव्यूज का सामना करना पड़ा। बावजूद इसके सुपरस्टार महेश बाबू की फिल्म तेजी से बड़ी रकम अपने खाते में जोडने़ में लगी है।

गुरूवार की रिलीज के बाद महेश बाबू, कीर्थि सुरेश स्टारर निर्देशक परशुराम की फिल्म सरकारू वारी पाटा की कमाई के आंकड़ों में शुक्रवार और शनिवार के दिन कुछ गिरावट देखी गई है, जिसके चलते यह 3 दिन में 1०० करोड़ के आंकड़े को छूने में असफल रही। रविवार के आंकड़ों को देखकर ऐसा लग रहा है कि यह 4थे 1०० करोड़ का आंकड़ा सिर्फतेलुगु भाषी राज्यों से हासिल कर ले।

सिडनी फिल्म फेस्टिवल में चुनी गई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म नो लैंड्स मैन

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की अमेरिकी-बांग्लादेशी-भारतीय ड्रामा फिल्म नो लैंड्स मैन को सिडनी फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। इसकी जानकारी एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी। नवाजुद्दीन ने फिल्म की एक्ट्रेस मेगन मिशेल के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, यह फिल्म मेरे दिल के बेहद करीब है।

इस बार नो लैंड्स मैन को आधिकारिक तौर पर सिडनी फिल्म फेस्टिवल में चुना गया है। नो लैंड्स मैन फिल्म को डायरेक्ट मुस्तोफा सरवर फारूकी ने किया और संगीत म्यूजिक ऑस्कर विनर ए आर रहमान ने दिया है। भारत, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में फिल्माई गई यह फिल्म एक दक्षिण एशियाई शख्स के ईद-गिर्द घूमती है। फिल्म का प्रीमियर पिछले साल के बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ए विंडो ऑन एशियन सिनेमा सेक्शन में हुआ था। इसके अलावा, नवाज नौवीं बार कान्स में रेड कार्पेट पर वॉक करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, नवाज के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं, जिसमें टिकू वेड्स शेरू, नूरानी चेहरा और अद्भुत शामिल हैं।

कंट्री बॉय विद्युत जामवाल ने आसमिस फिल्म मेकर्स के सपनों को किया साकार

कंट्री बॉय विद्युत जामवाल न केवल अपने प्रोडक्शन हाउस एक्शन हीरो फिल्म्स के माध्यम से, बल्कि क्षेत्रीय सिनेमा का समर्थन करके भी प्रतिभा को प्रोत्साहित कर रहे है। बड़े दिल वाले अभिनेता ने इस बार एक आगामी एक्शन आसमिस फिल्म लोकल उत्पात को स्पोंसर किया है जो आज रिलीज हो गई है। जामवाल ने इस फिल्म को वित्तीय सहायता दी है। निर्देशक केनी बसुमतारी कहते हैं, मैं अपने पसंदीदा एक्शन स्टार का शुक्रगुज़ार हूं, क्योंकि उन्होंने हमारे ड्रीम प्रोजेक्ट लोकल उत्पात के लिए फाइनेंशियल मदद की है। वह एक सही मायने में कंट्री बॉय है और हम इस विशेष फिल्म के लिए उनके स्पोर्ट के लिए बहुत आभारी हैं। वह आगे कहते हैं, मेरे आश्चर्य कि सीमा नहीं है क्योंकि वह इतने बड़े स्टार हैं फिर भी मेने जब उनको मदद करने के लिए पूछा तो उन्होंने मुझे संपर्क किया और मुझसे अपने बैंक अकाउंट डिटेल्स भेजने के लिए कहा। यह बहुत बड़ी मदद थी मेरे लिए क्योंकि इससे मैं अपने फाइटर को हमारे बजट से थोड़ी ज्यादा फीस देने में कामयाब रहा।

वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन

मजा मां में समलैंगिक का किरदार निभाएंगी माधुरी

माधुरी दीक्षित काफी समय से डिजिटल डेब्यू को लेकर सुर्खियों में थीं। हाल में उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज द फेम गेम से ओटीटी पर अपना डेब्यू किया है। ओटीटी पर ही उनकी एक फिल्म आने वाली है, जिसका शीर्षक मजा मां रखा गया है। यह वेब फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। अब सुनने में आ रहा है कि इस फिल्म में माधुरी एक समलैंगिक का किरदार अदा करेंगी।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेजन प्राइम की इस फिल्म में माधुरी एक समलैंगिक का किरदार निभाएंगी। यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म होगी। एक सूत्र ने कहा, माधुरी ने मजा मां में एक समलैंगिक का किरदार निभाया है। इसमें दिखाया जाएगा कि कैसे उनकी सैक्सुअल अभिरुचि विवाद का कारण बनती है। फिल्म में वह एक ऐसी मां की भूमिका निभाएंगी, जो अपने बेटे की शादी में बाधा बन जाती हैं। फिल्म इसी गुत्थी के इर्दगिर्द घूमेगी।

सूत्र का कहना है कि फिल्म में शामिल किए गए समलैंगिक तत्व को संवेदनशीलता के साथ समाहित किया गया है। सूत्र ने बताया, समय बदल गया है। हाल ही में भूमि पेडनेकर ने बधाई दो में एक लेस्बियन का किरदार निभाया था और उनके कैरेक्टर को खूबसूरती से चित्रित किया गया था। इसी तरह माधुरी के किरदार को भी मजा मां में संवेदनशीलता से हैंडल किया गया। यही वजह है कि उनके जैसे स्टार ने फिल्म को साइन किया।

यह पहली बार नहीं है, जब माधुरी समलैंगिक का किरदार निभा रही हैं। इससे पहले उन्होंने 2०14 में आई फिल्म डेढ़ इश्किया में समलैंगिक का किरदार निभाया था। इसमें उन्हें अभिनेत्री हुमा कुरैशी के साथ इश्क फरमाते हुए दिखाया गया था। बेगम पारा के किरदार में माधुरी ने अपने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया था।

फिल्म में गजराज राव, ऋत्विक भौमिक, रजित कपूर, बरखा सिंह और सिमोन सिंह भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसका निर्देशन आनंद तिवारी ने किया है। इसमें माधुरी के पति का किरदार गजराज ने निभाया है।

मार्वेल यूनिवर्स की तर्ज पर बनेगी केजीएफ की दुनिया!

वैश्विक स्तर पर 11०० करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने वाली और हिन्दी में 4०० करोड़ से ज्यादा का कारोबार करके भारत की 4थी ब्लॉकबस्टर बनी फिल्म केजीएफ-2 के बाद अब इसके निर्माता इसका 3रा भाग लाने की तैयारी में जुट गए हैं। केजीएफ के निर्देशक प्रशांत नील इन दिनों बाहुबली फेम प्रभास को लेकर अपनी फिल्म सालार को पूरा करने में जुटे हुए हैं। साथ ही केजीएफ 3 की तैयारी भी शुरू हो चुकी है। अब इस फिल्म को लेकर फिल्म के निर्माता विजय किर्गंदुर ने फिल्म को लेकर मजेदार जानकारियां साझा की हैं।

होमेबल फिल्म प्रोडक्शन कंपनी के चीफ विजय किर्गंदुर ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी इस फिल्म की शूटिंग इसी साल अक्टूबर 2०22 में शुरू करने की प्लानिंग है। जिसके बाद यश स्टारर फिल्म केजीएफ 3 को साल 2०24 तक रिलीज करने की कोशिश रहेगी। मगर इससे पहले सुपरस्टार प्रभास के साथ आने वाली अगली फिल्म सालार को मेकर्स पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि सालार की शूटिंग 35 फीसदी पूरी हो चुकी है। बाकी की शूटिंग अगले 2-3 महीने में पूरी करने की प्लानिंग है। जिसके बाद केजीएफ 3 की दुनिया में दोबारा टीम लौट सकेगी।

निर्माता विजय किर्गंदुर ने साथ ही ये भी कहा कि फिल्म की टीम की कोशिश मार्वेल की तरह का यूनिवर्स बनाने की है। इसलिए फिल्म की हर कड़ी में नए-नए किरदार जुड़ेंगे जो इस दुनिया को और भी ज्यादा विशाल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश मार्वेल यूनिवर्स की डॉक्टर स्ट्रेंज की तरह एक नयी दुनिया बनाने की है।

गौरतलब है कि कन्नड़ सुपरस्टार यश की इस फिल्म ने दुनिया भर में धाकड़ कमाई करते हुए 11०० करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया है। जबकि फिल्म ने अकेले हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 4०० करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर डाली है। बाहुबली-2 के बाद केजीएफ-2 इकलौती ऐसी फिल्म है जिसने हिन्दी बेल्ट में 4०० करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। अब तक हिन्दी भाषा में बनी आमिर खान की फिल्म दंगल ऐसी फिल्म थी जिसने बॉक्स ऑफिस पर 387 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी। ऐसे में फिल्म की तीसरी कड़ी को लेकर भी दर्शकों में भारी क्रेज है।

27 मई को रिलीज के लिए तैयार फिल्म अटैकः पार्ट-1

अभिनेता जॉन अब्राहम की साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म अटैकरू पार्ट 1 ओटीटी प्रीमियर 27 मई से शुरु होगा। अटैक पहली भारतीय सुपर सैनिक फिल्म है, जिसमें हाई-ऑक्टेन एक्शन, रोमांस और ड्रामा है। लक्ष्य राज आनंद द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस और रकुल प्रीत भी नजर आएंगी। लक्ष्य ने सुमित बथेजा और विशाल कपूर के साथ फिल्म का सह-लेखन भी किया है। इस मौके पर जॉन ने कहा, अटैक मेरे लिए हमेशा खास है और हमेशा रहेगा क्योंकि यह भारत के पहले सुपर सैनिक को पेश करने वाली अपनी तरह की अनूठी फिल्म है। यह हमारी मातृभूमि की एक प्रामाणिक कहानी है। मुझे खुशी है कि इस फिल्म को दुनिया भर के एक्शन प्रेमियों तक पहुंचाने में हमें जी5 का समर्थन प्राप्त है।

फिल्म जॉन अब्राहम द्वारा निभाई गई अर्जुन शेरगिल की कहानी बताती है, जो एक भारतीय सेना अधिकारी है, जो एक आतंकवादी हमले के बाद स्थायी पक्षाघात के साथ समाप्त हो जाता है और जैकलीन फर्नांडीस द्वारा निभाई गई अपनी प्रेम रुचि, आयशा सहित अपना सब कुछ खो देता है। भारतीय सेना में रकुल प्रीत द्वारा निबंधित सबा द्वारा डिजाइन और प्रत्यारोपित किया गया, अर्जुन अपने मिशन के साथ फिर से अपने पैरों पर खड़े होने में सक्षम है। निर्देशक लक्ष्य राज आनंद ने कहा, भारत के घरेलू ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर हमारी फिल्म अटैक की दूसरी पारी देखें। भारत का पहला सुपर सैनिक बहुत लोगों के दिल, खून, पसीने और आंसुओं से बनी फिल्म है और हमें उम्मीद है कि हमारे प्रयास अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेंगे।जयंतीलाल गड्डा के पेन स्टूडियोज, जॉन अब्राहम के जेए एंटरटेनमेंट और अजय कपूर प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी।

कौन है भारत का धनपति एस्कोबार ?

हरिशंकर व्यास

ज्यादा पुरानी बात नहीं है, जब भारत में नशे की पुडिया़ पकड़ी जाती थी। अलग अलग शहरों में 3० ग्राम, 5० ग्राम की पुडिया़ के साथ नाइजीरियाई नागरिक पकड़े जाते थे। दो ग्राम, चार ग्राम की पुडिया़ के साथ फिल्म उद्योग से जुड़े लोग पकड़े जाते थे। लेकिन अब भारत उससे काफी आगे निकल गया है। अब भारत में ग्राम में नहीं, किलो में नहीं, बल्कि क्विटंल और टन में नशीले पदार्थ पकड़े जा रहे हैं। एक एक जगह से तीन-तीन टन हेरोइन मिल रही है। चार साल पहले जब भारत में कुछ ग्राम की पुडिया़ पकड़ी जाती थी तब भारत में नशे के कारोबार को लेकर एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें बताया गया था कि पिछले तीन साल में यानी 2०15 से 2०18 के बीच भारत में नशे का कारोबार 455 फीसदी बढ़ा थी। यानी साढ़े चार गुने से ज्यादा हो गया था। 2०18 के बाद कितनी बढ़ोतरी हुई है इसकी रिपोर्ट तो नहीं आई है लेकिन जो जब्ती हो रही है उससे पता चल रहा है कि इसका आकार बहुत बड़ा हो गया है।

पिछले साल सितंबर में देश के सबसे बड़े उद्योगपति गौतम अडानी के नियंत्रण वाले मुंदरा बंदरगाह पर तीन टन हेरोइन पकड़ी गई थी। इसकी कीमत कोई 21 हजार करोड़ रुपए थी। बताया गया था कि टेल्कम पाउडर बता कर इसे भारत भेजा गया था। यह भी खबर आई थी कि यह खेप पकड़े जाने से पहले ईरान के रास्ते अफगानिस्तान से टेल्कम पाउडर की कई खेप और आ चुकी थी। जून 2०21 में एक और बड़ी खेप उसी बंदरगाह से भारत में उतरने की खबर आई थी, जिसके बाद देश के कई बड़े शहरों में नशीले पदार्थों की जब्ती में अचानक तेजी आ गई थी। बहरहाल, तीन टन हेरोइन की जब्ती के अलावा भी पिछले साल गुजरात में नशीले पदार्थों की जब्ती का नया रिकार्ड बना। इस 21 हजार करोड़ रुपए के नशीले पदार्श के अलावा गुजरात पुलिस और दूसरी एजेंसियों ने 1,617 करोड रुपए के नशीले पदार्थ जब्त किए, जो 2०2० में हुई जब्ती के मुकाबले आठ सौ फीसदी ज्यादा था। 2०2० में गुजरात में 195 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ जब्त हुए थे, जो 2०21 में बढ़ कर 1,617 करोड़ हो गई। इसके अलावा एक जब्ती 21 हजार करोड़ रुपए की थी।

उसके बाद नए साल में अभी चार महीने बीते हैं और गुजरात में चार हजार करोड़ रुपए के करीब के नशीले पदार्थ जब्त हो चुके हैं। हेरोइन की दो खेप फरवरी और अप्रैल में पकड़ी गई, जिसकी कीमत साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए है। इस साल 11-12 फरवरी को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और भारतीय नौसेना ने 76० किलो नशीला पदार्थ पकड़ा, जिसकी कीमत दो हजार करोड़ रुपए बताई गई। इसके बाद 25 अप्रैल को दो सौ किलो नशीले पदार्थ की एक खेप और पकड़ी गई, जिसकी कीमत करीब डेढ़ हजार करोड़ रुपए बताई गई।

इस तरह सिर्फदो खेप साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए की है। इसके अलावा छोटी-छोटी जब्ती अलग हो रही है। दूसरी जो डेढ़ हजार करोड़ रुपए की जब्ती हुई यह हेरोइन भी ईरान के रास्ते अफगानिस्तान से आई थी। यानी जिस रास्ते से पिछले साल 21 हजार करोड़ रुपए की हेरोइन आई थी वह रूट अब भी काम कर रहा है। सोचें, जब इतनी बड़ी मात्रा में नशीली वस्तुएं जब्त हो रही हैं तो इससे कितनी बड़ी मात्रा में सरकुलेशन में जाती होंगी? एक साधारण अनुमान के मुताबिक कोई भी प्रतिबंधित वस्तु जितनी मात्रा में जब्त होती है उससे 1० गुना ज्यादा मात्रा में सरकुलेशन में होती है। इसका मतलब है कि अगर हजारों करोड़ रुपए की जब्ती हो रही है तो नशे का कारोबार लाखों करोड़ रुपए का होगा।

अभिनेत्री साई पल्लवी ने फिल्म गार्गी का ट्रेलर जारी किया

अभिनेत्री साई पल्लवी ने अपने 3०वें जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर अपनी आने वाली फिल्म गार्गी का ट्रेलर जारी किया है। साईं पल्लवी वीडियो में बेहद खूबसूरत लग रही हैं और इस बहुभाषी फिल्म के लिए कन्नड़ में डब भी करेंगी। इसे साझा करते हुए साई पल्लवी ने लिखा, मैंने इस फिल्म के बारे में बात करने के लिए महीनों इंतजार किया और अंत में मेरा जन्मदिन है, अब टीम ने ट्रेलर को रिलीज करने का फैसला किया है।

गार्गी को रविचंद्रन रामचंद्रन, ऐश्वर्या लक्ष्मी, थॉमस जॉर्ज और गौतम रामचंद्रन ने प्रोड्यूस किया है। 96 के गोविंद वसंता फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर हैं। यह फिल्म तेलुगू, तमिल और कन्नड़ में रिलीज होगी।

दूसरी ओर साईं पल्लवी, राणा दग्गुबाती की रेडी-टू-रिलीज फिल्म विरता पर्वम में दिखाई देंगी।

गेहूं बना सिरदर्द

वेद प्रताप वैदिक

अभी महिना भर पहले तक सरकार दावे कर रही थी कि इस बार देश में गेहूं का उत्पादन गज़ब का होगा। उम्मीद थी कि वह 11 करोड़ टन से ज्यादा ही होगा और भारत इस साल सबसे ज्यादा गेहूं निर्यात करेगा और जमकर पैसे कमाएगा। इसकी संभावना इसलिए भी बढ़ गई थी कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया में गेहूं की कमी पडने़ लगी है लेकिन ऐसा क्या हुआ कि सरकार ने रातों-रात फैसला कर लिया कि भारत अब गेहूं निर्यात नहीं करेगा? इसका पहला कारण तो यह है कि गेहूं का उत्पादन अचानक घट गया है। इसका मुख्य कारण मार्च, अप्रैल और मई में पडने़ वाली भयंकर गर्मी है। सरकार ने पिछले साल अपने गोदामों में सवा चार करोड़ टन गेहूं खरीदकर भर लिया था लेकिन इस बार वह सिर्फदो करोड़ टन गेहूं ही खरीद पाई है। पिछले 15 साल में इतना कम सरकारी भंडारण पहली बार हुआ है। सरकार को उम्मीद थी कि इस बार 11 करोड़ टन से भी ज्यादा गेहूं पैदा होगा और वह लगभग एक-डेढ़ करोड़ टन निर्यात करेगी।

सरकारी अनुमान है कि इस साल गेहूं का उत्पादन 1० करोड़ टन से भी कम होगा। लगभग 4-5 करोड़ टन के निर्यात के समझौते हो चुके हैं और लगभग डेढ़ करोड़ टन निर्यात भी हो चुका है। हजारों टन गेहूं हम अफगानिस्तान और श्रीलंका भी भेज चुके हैं। अब इस निर्यात पर जो प्रतिबंध लगाया गया है, उसके पीछे तर्क यही है कि एक तो लगभग 8० करोड़ लोगों को निशुल्क अनाज बांटना है और दूसरा यह कि अनाज के दाम अचानक बहुत बढ़ गए हैं। 2०-22 रू. किलो का गेहूं आजकल बाजार में 3० रु. किलो तक बिक रहा है। यह ठीक है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस समय गेहूं के दामों में काफी उछाल आ गया है और भारत उससे काफी पैसा कमा सकता है लेकिन सरकार का यह डर बहुत स्वाभाविक है कि यदि निर्यात बढ़ गया तो गेहूं इतना कम न पड़ जाए कि भारत में संकट खड़ा हो जाए। सरकार का यह सोच तो व्यावहारिक है लेकिन यदि गेहूं का निर्यात रूक गया तो हमारे किसानों की आमदनी काफी घट जाएगी। उन्हें मजबूर होकर अपने गेहूं को सस्ते से सस्ते दाम पर बेचना होगा। इस समय सबसे बड़ी चांदी उन व्यापारियों की है, जिन्होंने ज्यादा कीमतों पर गेहूं खरीदकर अपने गोदामों में दबा लिया है लेकिन गेहूं का निर्यात रूक जाने से उसके दाम गिरेंगे और इससे किसानों से भी ज्यादा व्यापारी घाटे में उतर जाएंगे। सरकार चाहती तो निर्यात किए जानेवाले गेहूं के दाम बढ़ा सकती थी। उससे निर्यात की मात्रा घटती लेकिन सरकार की आमदनी बढ़ जाती। वह किसानों से भी थोड़ी ज्यादा कीमत पर गेहूं खरीदती तो उसका भंडारण दुगुना हो सकता था। गेहूं के निर्यात पर रोक लगाने के पीछे श्रीलंका से टपक रहा सबक भी है। इस समय देश में खाद्य-पदार्थों की मंहगाई से लोगों का पारा चढना़ स्वाभाविक हो गया है।

सू- दोकू क्र.075

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.074 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

मौद्रिक उपाय पर सवाल

भारतीय रिजर्व बैंक ने बढ़ती मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए मौद्रिक उपाय का सहारा लिया है। पहले कदम के तौर पर उसने ब्याज दर (रेपो रेट) में 4० आधार अंकों की बढ़ोतरी की और कैश रिजर्व रेशियो (सीआरआर) आधा प्रतिशत बढ़ा दिया। सीआरआर आधा प्रतिशत बढ़ाने से बाजार को 87 हजार करोड़ रुपए की मौद्रिक उपलब्धता कम हो गई। बहरहाल, सवाल है कि क्या इन उपायों से मौजूदा महंगाई पर काबू पाया जा सकता है? स्पष्टतरू रिजर्व बैंक ने अमेरिका में अपनाई गई मौद्रिक नीति के अनुरूप कदम उठाया। लेकिन अब खुद अमेरिका में इस रास्ते से महंगाई पर काबू पाए जाने की संभावना पर सवाल उठाए जा रहे हैँ। न सिर्फअनेक गंभीर अर्थशास्त्रियों, बल्कि बाजार से जुड़े विशेषज्ञों ने इस तरफ ध्यान खींचा है कि ऐसे मौद्रिक उपाय तब कारगर होते हैं, जब अर्थव्यवस्था ओवरहीटिंग का शिकार हो। यानी जब कर्ज लेकर निवेश करने का एनिमल स्पीरिट (यानी निवेश की होड़) बेकाबू हो रही हो।

ऐसा होने पर अधिक रोजगार पैदा होता है, लोगों की जेब में ज्यादा पैसा जाता है जिससे उनकी उपभोग क्षमता बढ़ती है, और इस कारण बाजार में सप्लाई से ज्यादा मांग पैदा हो जाती है। जबकि अभी- खास कर भारत में- स्थिति उलटी है। यहां अर्थव्यवस्था की मुख्य समस्या उपभोग क्षमता घट जाने के कारण मांग का गायब हो जाना है। ऐसे में महंगाई की वजह उत्पादन की लागत बढना़ और उत्पादकों द्वारा सारी लागत उपभोक्ताओं पर ट्रांसफर कर देना है। ऐसे में ब्याज दर बढ़ाने या कर्ज के लिए उपलब्ध रुपये की मात्रा घटाने से शायद ही कोई लाभ होगा। बल्कि उसका उलटा असर यह होगा कि जिन लोगों और कंपनियों ने कर्ज ले रखा है, उनका बोझ बढ़ेगा, जिससे उपभोक्ताओं की जेब और खाली होगी। नतीजतन, उपभोग क्षमता घटेगी, जिससे मांग गायब होने की समस्या और गंभीर होगी। इस नजरिए से कही जा रही बातें तार्किक लगती हैं। इसलिए बेहतर होगा कि नीति निर्माता इस पर गौर करें। या फिर मौद्रिक सख्ती से महंगाई रोकने की उनकी सोच के पीछे क्या तर्क हैं, इस बारे में वे देश को भरोसे में लें।(आरएनएस)

सीएम बदलने का सिलसिला जारी रहेगा!

भारतीय जनता पार्टी ने पिछले एक साल में चार मुख्यमंत्री बदले हैं। पार्टी के जानकार नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री बदलने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। सो, त्रिपुरा में बिप्लब देब को हटाए जाने के बाद से अटकल लगाई जाने लगी कि अब किसकी बारी है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई सबसे ज्यादा आशंकित हैं। उनके राज्य में अगले साल मई में विधानसभा का चुनाव होना है। उससे पहले उनके ऊपर बहुत दबाव है। पार्टी की एक मजबूत लॉबी, जिसे आरएसएस के एक बड़े नेता का समर्थन प्राप्त है वह उनके पीछे पड़ी है। वे हाल में दिल्ली आकर गृह मंत्री अमित शाह से मिले और उसके बाद कहा कि कुछ भी हो सकता है। सो, कर्नाटक में कुछ भी होने का इंतजार शुरू हो गया है।

असल में भाजपा को उत्तराखंड में मुख्यमंत्री बदलने का फायदा हुआ है इसलिए उसने यह दांव त्रिपुरा में आजमाया है। पिछले साल भाजपा ने उत्तराखंड में त्रिवेंद्र सिंह रावत को हटा कर तीरथ सिंह रावत को सीएम बनाया और चार महीने में ही उनको भी हटा कर पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री बनाया, जिनकी कमान में भाजपा लगातार दूसरी बार चुनाव जीत गई। इसी तरह पिछले साल असम चुनाव के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री बदला और सर्बानंद सोनोवाल की जगह हिमंता बिस्वा सरमा को मुख्यमंत्री बनाया था। (आरएनएस)

टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने राज्यपाल ले. जन. गुरमीत सिंह से शिष्टाचार भेंट की। किशोर ने कहा कि हिमालयी सरोकारों, पर्यावरण, गंगा, वनाधिकारों पर राज्यपाल संवेदनशील व विषय के अच्छे ज्ञाता हैं। राज्य के लिये महिलाओं का योगदान व उनके हितों की रक्षा के लिये उनकी संकल्पबद्धता अनुकरणीय है।

मारपीट में क्रास मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने मारपीट जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोनो तरफ से मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बालावाला निवासी देवव्रत चौधरी ने रायपुर थाने मुं मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज सुबह 8 बजे उसकी लेबर ईट भरने के लिए पास की दुकान से माल भर रही थी जिसका पेमिंट हो चूका था तथा दुकान के मालिक सतीश पाल ने आकर उसके यहाँ काम करने वाले मजदूर को पीटना शुरू कर दिया और थोडी देर बाद उनके लडके रीतिक पाल और कार्तिक पाल दोनों ने मिलकर उसके ड्राइवर के साथ मारपीट की और जान से मारनी की धमकी दी। वहीं सतीश पाल ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके प्लाट से ईट चोरी करते पकडा गया ट्रेकटर इसमें वाहन स्वामी देवव्रत चौधरी और इसके 2 नौकर समलीत है इन्हे राकने पर उसके साथ मार पिटाई की। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

घर में घुसकर मारपीट में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूनानक मार्ग सुभाषनगर निवासी विवेक गुरूंग ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि रात्री 10 बजे रात्री लगभग अपने काम पर से अपने घर आ रहा था जैसे ही वह अपने घर पर पहुँचा तो उसके घर से ँ गाली-गलौज करने की आवाज आ रही थी तब उसने घर के अन्दर देखा तो एक समीर गुरंग उसके घर के अन्दर घुसा हुआ था और उसकी बहन से गाली गलौज कर रहा था जो कि उसके परिवार जन ने जब बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो समीर जो कि धारदार खुंखरी लेकर घर आया हुआ था ने उसके ऊपर हमला कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

देवभूमि
उत्तराखंड
राधे
राधे

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में गायक पवनदीप राजन ने शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री धामी ने किया 'भंवर एक प्रेम कहानी' उपन्यास का विमोचन

विनसर प्रकाशन
की प्रस्तुति
भँवर
अनिल रतूड़ी
समारोह

नगर संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी द्वारा लिखित उपन्यास 'भंवर एक प्रेम कहानी' का विमोचन किया। अनिल रतूड़ी द्वारा लिखित 350 पृष्ठों का यह उपन्यास विनसर प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उपन्यास के लेखक अनिल रतूड़ी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक वर्दीधारी अधिकारी जब एक प्रेम कथा लिखते हैं, तो इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि इनके हृदय में किस तरह के भाव होंगे। इस उपन्यास में उन्होंने अपने जीवन में घटित सभी संस्मरणों एवं अनुभूतियों का वर्णन किया है। अपने कार्यों के साथ उन्होंने जिस तरह अपनी साहित्यिक अनुभूतियों को बचा कर रखा वह प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उपन्यास के माध्यम से उन्होने मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाने का सराहनीय प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य तब ज्यादा अच्छा होता है, जब हम उस कार्य को करने के लिए स्वतंत्र हों। कार्य की स्वतंत्रता के लिए जरूरी है कि कोई भी व्यक्ति सुविधा का दास न बने। मुख्यमंत्री ने 'भंवर एक प्रेम कहानी' उपन्यास के कुछ मुख्य अंशों का जिक्र भी किया।

पूर्व मुख्य सचिव नृप सिंह नपलच्याल, उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. सुधा रानी पांडे एवं ललित मोहन रयाल ने उपन्यास 'भंवर एक प्रेम कहानी' की विस्तार से समीक्षा की।

'भंवर एक प्रेम कहानी' उपन्यास के विमोचन के अवसर पर साहित्यकार एवं कवि पद्मश्री लीलाधर जगूड़ी, उपन्यास के लेखक अनिल रतूड़ी, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस संधू, पूर्व मुख्य सचिव एस रामास्वामी, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, साहित्यकार डॉ. राम विनय सिंह मौजूद थे।

स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोईवाला कोतवाली पुलिस ने बाल कुवांरी चौक लालतप्पड के पास एक स्कूटी सवार महिला को रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह तेजी से स्कूटी को लेकर भाग खडी हुई। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही रोक लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 14 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम सोनी पत्नी प्रदीप कुमार निवासी कुडकावाला बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

बैंक में लाखों की धोखाधड़ी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। बैंक में जाली दस्तावेज प्रस्तुत कर लाखों का गबन कर लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते वर्ष 30 दिसम्बर को जिला सहकारी बैंक लि. पिथौरागढ़ से कोतवाली पिथौरागढ़ में तहरीर प्राप्त हुई कि कृष्ण कुमार बोरा ने, सहकारी विभाग के कैडर सचिव वेतन खाते से धोखाधड़ी करते हुए एंव बैंक लेखा अनुभाग में जाली दस्तावेज प्रस्तुत कर 1302974.00 रुपये का गबन किया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी। आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने कल एक सूचना के तहत कृष्ण कुमार बोरा पुत्र धन सिंह बोरा निवासी टकाना पिथौरागढ़ को दबिश देकर टकाना पिथौरागढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

शक्ति नहर लाल निशान संयुक्त मोर्चे का गठन

संवाददाता

देहरादून। शक्ति नहर के किनार बसे घरों में प्रशासन द्वारा लाल निशान लगाने से खफा लोगों ने भारत संवैधानिक अधिकारी संरक्षण मंच की उपसमिति शक्ति नहर लाल निशान संयुक्त मोर्चे का गठन किया गया।

आज ढकरानी कोर्ट के सामने भारत संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच की एक बैठक बुलाई गई जिसमें डाकपत्थर से लेकर कुल्हाल तक शक्ति नहर के किनारे बसे लोगों के घरों पर सरकार द्वारा रातों रात लाल निशान लगाए गए उन सब पीड़ितों की एक उपसमिति का गठन किया गया समिति का नाम शक्ति नहर लाल निशान संयुक्त मोर्चा रखा गया। इस समिति की प्रभारी अपरोज (मुन्नी) अध्यक्ष हुमेरा मोहम्मद आसिफ संरक्षक अयूब हसन, सहाना मलिक , महासचिव सुमेर चंद धीमान, समुन अली ,सरफराज, फरजाना ,सुमन ,साहिला ,शकीरा बानो, तारा देवी ,सुनील, इंदर । सचिव सोनी, फरजाना, हालिक शेर, महुआ मलिक, महबूब, वसीम, तिरसाना, राजपाल, को सर्व सहमति से नियुक्त किया गया।

राष्ट्रीय संयोजक दौलत कुवर ने कहा लाल निशान लगाने वाले सरकार के अधिकारियों को एक बार सुप्रीम कोर्ट का जो आर्डर कुछ दिन पहले दिल्ली में बसे झुग्गी वालों के लिए आया 12 साल से जो लोग जिस जगह पर काबिज है उनको या तो सरकार विस्थापन करें या वहां पर उनको मालिकाना हक दें। जब तक यह दोनों में से एक बात को सरकार नहीं मानेगी तब तक लाल निशान संयुक्त मोर्चा भारत संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच की उपसमिति इन गरीबों के संवैधानिक अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेगी इस अवसर पर नजीर, नूर हसन , वसीम, इमराना, अनीश अंसारी, शौकीन, संवाद, शमशाद, गुलशन, सरिता, सुकेश, सोनी, सुनीता देवी, मनीषा देवी ,शिवचंद, मुरारी, विनय कुमार, अखिलेश चौहान, सुंदर सिंह, सूरत राम ,मोहन सिंह ,परशुराम, भंवर लाल टम्टा, दिल बहादुर ,जाकिर हुसैन ,कृपाल सिंह, महिपाल सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

कोरोना से डरे नहीं
सतर्क रहें, सुरक्षित रहें

एक नजर

ज्ञानवापी मामले पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर डीयू के प्रोफेसर गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर रतन लाल को वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में शिवलिंग पाए जाने के दावों पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में शुक्रवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं प्रोफेसर रतन लाल को गिरफ्तार किए जाने को लेकर बहुजन कार्यकर्ता खासे नाराज हैं। सोशल मीडिया पर उनकी रिहाई की मांग उठ रही है। सूचना के मुताबिक देर रात दिल्ली पुलिस के साइबर सेल थाना, मौरिस नगर के सामने रतन लाल की रिहाई को लेकर बहुजन कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद हैं। पुलिस के मुताबिक एसोसिएट प्रोफेसर रतन लाल को भारतीय दंड संहिता की धारा १५३ए (धर्म, जाति, जन्मस्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य फैलाने) और २९५ए (धर्म का अपमान कर किसी वर्ग की धार्मिक भावना को जानबूझकर आहत करना) के तहत साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया। हालांकि प्रोफेसर रतन लाल के वकील का कहना है कि जिन धाराओं में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है, वे संज्ञेय अपराध में नहीं आते।

बारातियों से भरी जीप की ट्रैक्टर से हुई भीषण टक्कर, 6 लोगों की मौत

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के तुलसीपुर– बढ़नी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बारातियों को ले जा रही एक जीप और ट्रैक्टर ट्राली की आमने सामने की टक्कर में पति–पत्नी सहित छह लोगों की मौत हो गयी। बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि शुक्रवार रात लक्ष्मणपुर से एक बारात गैसड़ी थाना क्षेत्र के भगवानपुर जा रही थी, तभी गनवरिया तिराहे के पास ट्रैक्टर ट्राली और बारातियों को ले जा रही जीप के बीच भीषण टक्कर हो गयी। अधिकारी ने बताया कि पीछे से आ रहा एक अन्य वाहन भी जीप से भिड़ गया। इस हादसे में बसंत (३२), पत्नी अमृता (२८), लक्ष्मण (४०), वादी (३५) और शादाब (२६) की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि अंकित (१३) ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए शिव प्रसाद (५२), दुर्गा प्रसाद (२६) को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं उमेश (१३) को लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

देश में केरोसिन छिड़कने का काम कर रही बीजेपीः राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों ब्रिटेन में हैं। शुक्रवार २० मई को उन्होंने लंदन की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में आइडियाज फॉर इंडिया सम्मेलन में हिस्सा लिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस दौरान कहा कि भारत में लोकतंत्र वैश्विक सार्वजनिक भलाई है। हम अकेले ऐसे लोग हैं जिसने अद्वितीय पैमाने पर लोकतंत्र का प्रबंधन किया है। राहुल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में इस वक्त अच्छे हालात नहीं है। उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि, बीजेपी देश में केरोसिन छिड़कने का काम कर रही है। एक चिंगारी से आग भड़क सकती है। इस गर्मी को शांत करना कांग्रेस की जिम्मेदारी है। राहुल ने कहा, बीजेपी की सरकार और आरएसएस देश को एक भूगोल की तरह देखते हैं लेकिन हमारे लिए, हमारी पार्टी के लिए भारत लोगों से बनता है। हालांकि, राहुल ने इस बात से भी नहीं नकारा कि पार्टी इस वक्त अंदुरूनी कलह, बगावत, चुनाव में हार से जूझ रही है। राहुल ने ट्विटर पर इस कार्यक्रम की तस्वीरें भी शेयर की हैं। इनमें राहुल विपक्षी नेताओं, राजद के तेजस्वी यादव, मनोज झा, टीएमसी के महुआ मोइत्रा और सीपीआई (एम) के सीताराम येचुरी के साथ खड़े हैं। राहुल ने इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए भारत की तुलना पाकिस्तान से की है। राहुल ने आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके लिए भारत सोने की चिड़िया है और कर्मों के आधार पर उसका हिस्सा बांटना चाहते हैं जिसमें दलितों के लिए कोई जगह नहीं है।

किशोर उपाध्याय की टिहरी में आवास सुविधा देने की मांग

विशेष संवाददाता

देहरादून। विधायक किशोर उपाध्याय ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपने चुनाव क्षेत्र टिहरी में आवास उपलब्ध कराने की गुजारिश की है।

टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय का कहना है कि जिस जनता ने उन्हें चुनकर विधानसभा भेजा है उनकी बेहतर सेवा उनके बीच रहकर ही की जा सकती है। इसलिए उन्हें टिहरी में ही रहने की आवासीय सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि अगर राजधानी दून में उन्हें कोई आवास आवंटित किया गया है तो उसे रद्द कर दिया जाए तथा टिहरी में उन्हें आवासीय सुविधा प्रदान की जाए। जिससे वह बेहतर ढंग से जनता की सेवा कर सके।

❑जनता के बीच रहकर सेवा करना ज्यादा बेहतर

इस बाबत जब किशोर उपाध्याय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आम तौर पर लोग अपने क्षेत्रीय विधायक से यह उम्मीद करते हैं कि वह आसानी से उनसे मिल सके और अपनी समस्याएं उन्हें बता सके। राज्य के किसी भी हिस्से के लोगों को अपने क्षेत्रीय विधायक से मिलने के लिए राजधानी आना पड़े इससे अधिक बेहतर यही है कि विधायक उन्हें उनके क्षेत्र में ही उपलब्ध रहे।

उन्होंने कहा कि मेरा तो सुझाव यह है कि ऐसा अगर सभी के लिए हो तो और अधिक बेहतर होगा। उन्होने कहा कि मैं आजकल टिहरी में ही रह रहा हूं। जब काम वहां करना है तो यहां रहने का क्या फायदा है। उनका कहना है कि जनता आमतौर पर यह कहती है कि नेता उसी समय दिखाई देते हैं जब चुनाव आता है। यह एक मिथक है जिसे तोड़ा जाना चाहिए। इसलिए उन्होंने अपने लिए टिहरी में आवासीय सुविधा प्रदान करने का अनुरोध किया है। उल्लेखनीय है कि सरकार सभी विधायकों को विधायक हॉस्टल में रहने की सुविधा उपलब्ध कराती है।

ओएलएक्स में साईकिल बेचने के चक्कर में गंवाये एक लाख रुपये

देहरादून (सं)। ओएलएक्स में साईकिल बेचने के चक्कर में एक लाख 15 हजार रूपये गंवा दिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलबीर रोड निवासी मयंक काण्डपाल की पत्नी अंकिता ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने बिक्री के लिए एक पुरानी फिटनेस साइकिल के बारे में ओएल एक्स पर एक विज्ञापन पोस्ट किया है 17 मई को रोहित कुमार शिंदे नाम के एक व्यक्ति ने उसको मोबाइल नंबर से फोन किया कि वह साइकिल खरीदने में रुचि रखता है क्योंकि वह स्टार फर्नीचर के नाम से एक इलेक्ट्रॉनिक और उपकरण मरम्मत की दुकान चला रहा है। वह 16 हजार रुपये में साइकिल खरीदने के लिए सहमत हुआ और उन्होंने भुगतान विवरण मांगा ताकि वह फंड ट्रांसफर कर सकें। इसके बाद उसने 18 मई को दोपहर साढे तीन बजे अपनी यूपीआई आईडी से 2 रुपये भेजे और उसने मना कर दिया क्योंकि हमने 4 अंकों का पिन नंबर जोड़ने से इनकार कर दिया, फिर उसने उसे अपनी यूपीआई आईडी में 2 रुपये भेजने के लिए कहा। उसने जैसे ही अपनी यूपीआइ आईडी से दो रूपयें भेजे उसको उसका क्यूआर कोड भेजा वैसे ही उसके खाते से एक लाख 15 हजार रूपये निकल गये। त उसको पता चला कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है।

घर के अन्दर से मोबाइल चोरी

देहरादून (सं)। घर के अन्दर से मोबाइल चोरी में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार खुडबुडा मौहल्ला निवासी सपना राणा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गत रात्रि वह लोग अपने घर में सो रहे थे जब वह सुबह उठे तो उनके घर का सारा सामान अस्त व्यस्त पडा था वा मोबाईल सेमसंग कम्पनी का जो कि घर पर नही मिला सुबह आस पड़ोस सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो साढे तीन बजे के करीब कोई व्यक्ति उनके घर से निकलते दिखाई दे रहा है।

अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक्टिवा सवार की मौत

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक्टिवा सवार की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भागीरथी पुरम जीएमएस रोड निवासी उमा देवी ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पति हिमांशु कुमार 16 अप्रैल को अपरहान 2 से 3 बजे के बीच में मेरे पति हिमांशु कुमार अपनी एक्टिवा से बाजार से कैनाल रोड की तरफ आ रहे थे कि कैनाल रोड निकट गुरुद्वारा देहरादून के पास अज्ञात वाहन के चालक द्वारा वाहन तेजी और लापरवाही से चलाकर उसके पति की एक्टिवा को टक्कर मार दी जिससे उसके पति हिमांशु पुत्र विजयपाल निवासी शाहजाहनपुर रंडावली थाना पुरकाजी जिला मुज्जफरनगर उत्तर प्रदेश को घायल हो गया जिसको काफी चोटे आयी तथा अज्ञात वाहन चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। उसक पति को वहां पर मौजूद लोगो द्वारा दून चिकित्सालय भेजा गया दून चिकित्सालय से मेरे पति को एम्स रिसिकेस रेफर किया गया उपचार के दौरान हिमांशु कुमार की 24 अप्रैल को मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फ्लिपकार्ट कर्मचारी बनकर ठगे 69 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। फ्लिपकार्ट कर्मचारी बन आर्डर कैसिंल करने के नाम पर खाते से 69 हजार रूपये उडा दिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार साई लोक कालोनी कारबारी ग्रान्ट शिमला बाईपास निवासी महावीर सिंह नेगी ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 4 मई को फ्लिपकार्ट अकाउंट से हाल में खरीदे गए टी–शर्ट की रिटर्न–रिक्वेस्ट डाली गई जो कि उसके द्वारा नही की गई थी ।

4 मई की शाम को उसको कॉल आई जिसमे बताया गया कि वे फ्लिपकार्ट की ओर से बात कर रहे हैं व उन्होने उसको प्रोडक्ट की जानकारी दी जिसकी रिटर्न–रिक्वेस्ट डाली गई थी, उसके यह बताए जाने पर कि रिक्वेस्ट उसके द्वारा नही डाली गई, उन्होने उसको रिटर्न–रिक्वेस्ट कैंसल करने के लिए कहा और यह भी कहा कि वह अपनी तरफ से भी ऑर्डर कैंसल कर सकते है यह सुनकर उसने उनको ऑर्डर कैंसल करने के लिए हामी भरी तब उन्होने बताया कि आपसे पास ओटीपी ऑर्डर कैंसल करने के लिए आएगा जो कि आपको साझा करना है , तथा ओटीपी आने पर उसने ओटीपी उनसे साझा किया । 8 मई को फ्लिपकार्ट अकाउंट चैक करने पर उसको पता चला कि 4 मई को उसके फ्लिपकार्ट अकाउंट से फ्लिपकार्ट पे–लेटर द्वारा ऑर्डर किया गया है जिसकी राशि 69987 है जो कि उसके खाते से निकल गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

प्रधान संपादक
कांति कुमार
संपादक
पुष्पा कांति कुमार
समाचार संपादक
आनंद कांति कुमार
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।